प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 13.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य के मुख्य सचिव ने धनबाद में केन्दुआडीह गैस रिसाव क्षेत्र का किया दौरा, पीड़ितों से संवाद कर उनकी सुरक्षा और पुनर्वास का दिया भरोसा।
2. शराब घोटाला मामले में एसीबी ने तेज की कार्रवाई, प्लेसमेंट एजेंसी मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्यूरिटी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक को गुजरात से किया गिरफ्तार।
3. पाकुड़ में कल्याण विभाग के बैंक खाते से 12 करोड़ से अधिक की फर्जी निकासी, तीन कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी, जांच तेज।
4. संसद पर आतंकी हमले की 24वीं बरसी पर राष्ट्र शहीदों को कर रहा है याद, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि।

और

5. रांची में 19 दिसंबर से होने वाली संतोष ट्रॉफी के ग्रुप–सी के मैच का कार्यक्रम जारी, पहले दिन झारखंड का मुकाबला बिहार से।।

**********************

राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने आज धनबाद के केंदुआडीह स्थित गैस रिसाव प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान वे अस्थायी राहत शिविरों में भी गये, जहां कई परिवारों ने शरण ले रखी है। मुख्य सचिव ने प्रभावित लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। मुख्य सचिव ने कहा कि गैस रिसाव की यह समस्या एक दिन में उत्पन्न नहीं हुई है और इसका समाधान भी सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

**********************

राज्य में धान अधिप्राप्ति का कार्य 15 दिसंबर से शुरु हो रहा है। खाद्य आपूर्ति मंत्री डा. इरफान अंसारी ने बताया कि इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। उन्होंने सभी विधायकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उत्सवी माहौल में उद्घाटन करें। डा. अंसारी ने कहा कि सरकार किसानों की समृद्धि के लिए संकल्पित है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की कोलसेतु नीति को स्वीकृति देना भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कोलसेतु नीति कोयले का सुचारू, कुशल और पारदर्शी उपयोग और सक्षम बनाने के लिए एक नया रास्ता खोलेगी। उन्होंने कहा कि इससे व्यापार करने में आसानी होगी, घरेलू उपलब्धता बढ़ेगी और आयातित कोयले पर निर्भरता कम होगी।

**********************

झारखंड एसीबी ने शराब घोटाला मामले में अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इस कड़ी में एसीबी ने आज प्लेसमेंट एजेंसी मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्यूरिटी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। इससे पहले एसीबी ने 14 अक्टूबर को मेसर्स विजन हॉस्पिटलिटी सर्विसेज एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन निदेशकों को भी अहमदाबाद से गिरफ्तार किया गया था।

**********************

पाकुड़ जिले के कल्याण विभाग में करोड़ों के घोटाले का खुलासा हुआ है। कल्याण पदाधिकारी अरुण कुमार इक्का ने नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि विभाग के ही कुछ कर्मियों ने मिली भगत कर एसबीआई बैंक खाते से 12 करोड़ 38 लाख 66 हजार रुपए की अवैध निकासी की है। मामले में कल्याण विभाग में कार्यरत तीन सरकारी सेवकों सहित दो दर्जन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस ने तीन कर्मियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

**********************

हजारीबाग जिले में टाटीझरिया थाना क्षेत्र के डहरभंगा गांव में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर विभिन्न ब्रांडों की नकली विदेशी शराब की कुल 200 पेटियां जब्त की। जब्त शराब की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई जा रही है। उत्पाद अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

**********************

राष्ट्र आज संसद आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। 13 दिसंबर 2001 को आज ही के दिन सुरक्षाकर्मियों ने संसद की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, जितेंद्र सिंह, किरेन रिजिजू और अर्जुन राम मेघवाल ने संसद भवन में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और अन्य सांसदों ने भी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

**********************

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय रांची की ओर से जमशेदपुर के साकची स्थित ई डिजिटल इंडिया संस्थान में उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह छह सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसमें 25 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। आईईडीएस के सहायक निदेशक सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इसका उदेश्य युवाओं को स्वरोजगार एवं स्टार्टअप की दिशा मं कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिले में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी देने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला मुख्यालय सरायकेला स्थित रानी पद्मिनी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में सीपीआर, प्राथमिक उपचार एवं फर्स्ट एड पर आधारित जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**********************

हजारीबाग में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए जिला प्रशासन की ओर से यूट्यूब चैनल तैयार किया गया है। इसके जरिये उन्हें शिक्षण सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है।

**********************

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 24 हजार 900 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी दो लाख चार हजार रूपये प्रतिकिलो है।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में पश्चिमी विक्षोभ के कारण कनकनी बढ़ गयी है। उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व से चल रही ठंडी हवा से राज्य के कई इलाके शीतलहर की चपेट में हैं। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। रांची का न्यूनतम तापमान 8 दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस पर रहा जबकि कांके का न्यूनतम पारा तीन डिग्री पर आ गया है।

**********************

रांची में 19 दिसंबर से होने वाली संतोष ट्रॉफी के ग्रुप–सी के मैच का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पहले दिन बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में झारखंड का मुकाबला बिहार से होगा। इसी दिन दिल्ली और रेलवे का भी मैच होगा। इसके बाद 21 दिसंबर को बिहार का मुकाबला रेलवे से और झारखंड का मुकाबला दिल्ली से होगा। 23 दिसंबर को बिहार और दिल्ली की भिडंत होगी और झारखंड का मुकाबला रेलवे से होगा।

********समाप्त*************